# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (A.P)

**10A**

## • CCE MODEL •

**SYLLABUS**

1. बरसते बादल
2. ईदगाह
3. हम भारतवासी
   शांति की राह में (उपवाचक)
4. कण-कण का अधिकारी
5. लोकगीत

**HINDI** **CLASS – 10**

**Time : 3.00 Hrs.** **Marks : 100**

**सूचना :** 1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है। 2. सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर - पुस्तिका में ही लिखें । 3. प्रश्न पत्र में तीन भाग है ।

## I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 12 × 1 = 12 M

1. सूरज पूरब में उगता है । रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए।
2. अमीना गेहूँ की रोटियाँ प्रतिदिन बनाती थी । क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।
3. '1979' हिंदीं अक्षरों में लिखिए ।
4. हम भारतवासी दुनिया ...... पावन धाम बनायेंगे । रिक्तस्थान की पूर्ति उचित कारक चिह्न से कीजिए।
5. नर-समाज का भाग्य परिश्रम है । रेखांकित शब्द का समास पहचानकर लिखिए ।
6. 'पंजाब' में माहिया लोकगीत गाते हैं । रेखांकित शब्द का संधि - विच्छेद कीजिए ।
7. जो गाता हो - एक शब्द में लिखिए ।
8. 'परलोक सिधारना' - इस मुहावरे का अर्थ लिखिए ।
9. कवि गीत गाता है। लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।
10. मेरे घर के पीछे एक पेड़ है। वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।
11. भारतवासियों ने भटकनेवालों को राह दिखाया। इस वाक्य को भविष्यतकाल में बदलकर लिखिए ।
12. गोपाल रोटी खाया । - इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।

**प्रश्न संख्या 13 से 18 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश एवं विज्ञापनों को पढ़कर, निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के लिए चार अंक निर्धारित है ।**

**13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर अनुच्छेद में से ही पहचानकर लिखिए। 4 × 1 = 4 M**

लोकगीतों के कई प्रकार हैं। इनका एक प्रकार तो बड़ा ही ओजस्वी और सजीव है। यह इस देश के आदिवासियों का संगीत है। मध्य प्रदेश, दक्कन, छोटा नागपुर में गोंड-खांड, भील-संथाल आदि फैले हुए हैं। इनके गीत और नाच अधिकतर साथ-साथ और बड़े-बड़े दलों में गाये और नाचे जाते हैं। बीस-बीस, तीस-तीस आदमियों और औरतों के दल एक साथ या एक-दूसरे के जवाब में गाते हैं, दिशाएँ गूँज उठती हैं।

**प्रश्न :**

अ) निर्जीव का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

आ) 'पुरुप' का पर्याय शब्द पहचानकर लिखिए ।

इ) जातिवाचक संज्ञा शब्द पहचानकर लिखिए ।

ई) 'वी' प्रत्यय से बना शब्द पहचानकर लिखिए ।

**14. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 4 × 1 = 4 M**

अमीना का दिल कचोट रहा है। गाँव के बच्चे अपने पिता के साथ जा रहे हैं। हामिद का अमीना के सिवा कौन है? भीड़ में बच्चा कहीं खो गया तो क्या होगा? तीन कोस चलेगा कैसे? पैरों में छाले पड़ जाएँगे। जूते भी तो नहीं हैं। वह थोड़ी दूर चलकर, उसे गोदी ले लेगीं, लेकिन यहाँ सेवइयाँ कौन पकाएगा? पैसे होते तो लौटते- लौटते सारी सामग्री जमा करके झटपट बना लेती। यहाँ तो चीज़ें जमा करते-करते घंटों लगेंगे। चलते-चलते छाले पड़ सकते हैं।

**प्रश्न :**

अ) किसका दिल कचोट रहा है ?

आ) गाँव के बच्चे किसके साथ जा रहे हैं?

इ) गाँव से मेला कितनी दूरी पर है?

ई) मेले में भेजने के लिए दादी क्यों डर रही है?

**15. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर कोष्ठक में लिखिए। 4 × 1 = 4 M**

भारत की जीव नदियों में कृष्णा नदी एक है। इसका जन्म महाराष्ट्र के सह्याद्रि पर्वत पर महाबलेश्वर में हुआ। यह नदी कर्नाटक और आंध्रप्रदेश राज्यों में बहकर, अंत में आंध्रप्रदेश के हंसलदीवि नामक स्थान पर बंगाल की खाडी में मिलती है। कृष्णा नदी पर अनेक बाँध बनाये गये हैं। उनमें श्रीशैलम, नागार्जुन सागर तथा प्रकाशम बेरेज प्रमुख हैं। कृष्णा नदी के तट पर ही अमरावती पुण्य क्षेत्र स्थित है।

**प्रश्न :**

**अ) कृष्णा नदी का जन्म किस राज्य में हुआ ?** ( )

A) कर्नाटक B) उड़ीसा C) महाराष्ट्र D) आंध्रप्रदेश

**आ) कृष्णानदी बहकर अंत में कहाँ मिलती है ?** ( )

A) अरब सागर B) बंगाल की खाडी C) हिंदूमहासागर D) पसफिक महा सागर

**इ) श्रीशैलम, नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर बनाये गये हैं ?** ( )

A) गंगा B) गोदावरी C) कावेरी D) कृष्णा

**ई) कृष्णा नदी के तट पर कौनसा पुण्य क्षेत्र है ?** ( )

A) तिरुपति B) सिंहाचलम C) अमरावति D) भद्राचलम

**16. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 4 × 1 = 4 M**

जो कुछ न्यस्त प्रकृति में है,
वह मनुज मात्र का धन है,
धर्मराज उसके कण-कण का
अधिकारी जन-जन है।

**प्रश्न :**

अ) मानव का धन कहाँ पर है?

आ) भीष्म ने यह बात किससे कही?

इ) कण-कण का अधिकारी कौन है?

ई) अधिकारी में उपसर्ग क्या है?

17. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर कोष्टक में लिखिए। **4 × 1 = 4 M**

| | |
|---|---|
| कितनी सुंदर कितनी प्यारी<br>त्यौहारों में सबसे न्यारी<br>रंग बिरंगी होली<br>आई रंग बिरंगी होली । | आओ मिलकर खुशी मनाएँ<br>एक दूजे को रंग लगाएँ<br>गले मिलें, हर झगड़ा भूलें<br>भेदभाव हम सभी मिटाएँ । |

**प्रश्न :**

अ) त्यौहारों में सबसे न्यारी क्या है ? ( )

A) होली B) दिवाली C) ईद D) वैशाखी

आ) होली के दिन क्या भूल जाते हैं ? ( )

A) झगडे करना B) रंग लगाना C) खुशी मनाना D) गले मिलना

इ) होली हमारे मन से किस भावना को मिटाती है ? ( )

A) निस्वार्थ भाव B) भेदभाव C) प्यार D) खुशी

ई) होली के दिन एक दूसरे पर क्या लगाते हैं ? ( )

A) पानी B) फूल C) फल D) रंग

18. निम्नलिखित करपत्र पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **4 × 1 = 4 M**




**प्रश्न :**

अ) करपत्र में क्या संदेश दे रहे हैं ? ( )

A) स्वच्छता बिगाड़ने का B) स्वच्छता मे सुधार करने का

C) आधार बनवाने का D) बेटी बचाने का

आ) पानी कहाँ इकट्ठा न होने दें ? ( )

A) घर में B) घर के पीछे

C) घर के आस पास में D) बगीचे में

( )

इ) कूड़े को कहाँ डालने के लिए कहा गया ?

A) फूलदान में B) सड़क पर C) पड़ोसी घर में D) कूड़ेदान में ( )

ई) हरेक को अपने घर में क्या बनवाने के लिए बताया गया ?

A) भोजनालय B) पुस्तकालय C) शौचालय D) रुग्णालय

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर छः पंक्तियों में लिखिए। 2 × 4 = 8 M

19. कवि मेहनत करनेवालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कर रहे हैं?

20. हामिद ग़रीब है फिर भी वह ईद के दिन अन्य लड़कों से अधिक प्रसन्न है, क्यों?

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।** 8 × 2 = 16 M

21. कवि जीवन में सावन को बार-बार क्यों आमंत्रित करते हैं ?
22. आर.पी.निशंक के बारे में आप क्या जानते हैं?
23. अमीना का मन क्यों गद्‌गद हो गया ?
24. 'बिदेसिया' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं?
25. ईद के दिन का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।
26. "प्रार्थना करनेवाले होठों से कहीं अच्छे सहायता करनेवाले हाथ हैं।" - पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।
27. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है? अपने शब्दों में बताइए।
28. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्‌ध कर दिखाया है?

**III. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**अ) किसी एक प्रश्न का उत्तर 12 - 15 पंक्तियों में लिखिए।** 1 × 8 = 8 M

29. भारत की संस्कृति सारे विश्व को लुभाती है। इस कथन पर व्याख्या कीजिए।
30. वर्षा के समय पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, मनुष्य और धरती भी खुशी से झूम उठते हैं । "बरसते बादल" कविता के द्वारा समझाइए।

**आ) किसी एक प्रश्न का उत्तर 12 - 15 पंक्तियों में लिखिए।** 1 × 8 = 8 M

31. निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गयी है? इसके मुख्यांश बिंदुओं के रूप में लिखिए।
32. बड़े-बुजुर्गों के प्रति हमारा कर्तव्य कैसा होना चाहिए? इस विषय को प्रेमचंद ने अपनी कहानी के द्वारा कैसे प्रस्तुत किया है?

**इ) संकेत शब्द के आधार पर कहानी लिखिए।** 1 × 8 = 8 M

33. उड़ते हुए कबूतर - बहेलिए द्वारा फैलाया जाल - लोभी कबूतर - जाल में फँसना - जाल ले उड़ना - मित्र चूहे के पास पहुँचना - जाल काटना - सीख

**ई) किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** 1 × 8 = 8 M

34. खेलों का उचित प्रबंध कराने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।
35. शुल्क माफ़ कराने हेतु आवेदन पत्र लिखिए ।

**उ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** 1 × 8 = 8 M

36. 'समाचार पत्र' विषय प्रर निबंध लिखिए ।
37. दूरदर्शन मानव का एक सर्वश्रेष्ठ आविष्कार है । इस विपय पर निबंध लिखिए ।